जागरण

# प्रतापगढ़ के पट्टी में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बेचने वाली दुकान पर पुलिस का छापा, नकली सामान बरामद




**जागरण संवाददाता, प्रतापगढ़।** पट्टी के मेन रोड स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने संचालित एक इलेक्ट्रानिक्स की दुकान पर नकली सामान बेचने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी की। पुलिस ने दुकान से भारी मात्रा में संदिग्ध सामान बरामद किया है, जिसे जांच के लिए कोतवाली लाया गया है।

एक नामी कंपनी के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि पट्टी की इलेक्ट्रानिक्स दुकान पर उनकी कंपनी के नाम से मिलता-जुलता नकली (डुप्लीकेट) सामान धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/pratapgarh-patti-electronics-shop-raided-fake-usha-mixers-seized-40307631.html